पाठ-8 → आनंद ही आनंद (Unit Test-1)

1 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) चिड़ियाघर में घुसते ही किसकी गर्जन सुनाई पड़ी?
→ चिड़ियाघर में घुसते ही शेर की भयंकर गर्जन सुनाई पड़ी।

ख) शेरनी लोगों पर क्यों झपट रही थी?
→ शेरनी तीन-चार दिनों से भोजन नहीं कर रही थी और उदास थी इसलिए वह खूँखार रूप धारण कर लोगों पर झपट रही थी।

ग) शेरनी की नींद कैसे खुल गई?
→ जब शेरनी सो रही थी, एक पिल्ला पिंजरे में घुसकर शेरनी पर चढ़ गया और उसके बालों से खेलने लगा जिससे शेरनी की नींद खुल गई।

घ) शेरनी ने खाना-पीना क्यों बंद कर दिया था?
→ शेरनी ने खाना-पीना इसलिए बंद कर दिया क्योंकि उसे अपने पिंजरे में कुत्ते का बच्चा नज़र नहीं आ रहा था जिससे वह बहुत परेशान थी।

ङ) शेरनी का गुस्सा कैसे शांत हुआ?
→ जब वनरक्षक ने पिल्ले को फिर से शेरनी के पिंजरे

में डाल दिया, तो शेरनी और पिल्ला दोनों प्रसन्न हो गए और इस तरह शेरनी का गुस्सा शांत हो गया।

II नीचे दिए गए संयुक्त व्यंजनों से तीन-तीन शब्द लिखिए।

क) न्न → प्रसन्न , भिन्न , अन्न
ख) ल्ल → पिल्ला , बिल्ला , चिल्लर
ग) च्च → बच्चा , कच्चा , सच्चा

III वाक्य बनाइए। (कक्षा कार्य)

क) आनंद ख) व्यस्त ग) भयंकर घ) शांत

IV पृष्ठ 60 में दिए अभ्यास क्रमांक 2, 3, 4 पुस्तक में करवाए जाएँगे। (कक्षा कार्य)
पृष्ठ 61, क्रमांक 5 पुस्तक में करना है। (गृह कार्य)

V पृष्ठ 58 में दिए गए 'शब्द-अर्थ' को याद करके कॉपी में लिखिए। (गृह कार्य)

VI अभ्यास पुस्तिका से...
पृष्ठ 26, क्रमांक 3, पृष्ठ 27, क्रमांक 4 पुस्तक में करवाए जाएँगे।

—x—

5/2

Textual Exercises C/w

2. इन शब्दों के उलटे अर्थवाले शब्द लिखो— • opposites

बाहर	×	अंदर	कल	×	आज
दिन	×	रात	थोड़ा	×	ज़्यादा
जल्दी	×	धीरे	पीछे	×	आगे
पास	×	दूर	छोटी	×	बड़ी/लम्बी
शांत	×	अशांत	हँसना	×	रोना

3. इन शब्दों के समान अर्थवाले शब्द लिखो— • synonym

आनंद	—	खुशी	भय	—	डर
भयंकर	—	डरावना	शांत	—	स्थिर
भोजन	—	आहार	कोलाहल	—	शोर
दृश्य	—	नज़ारा; संदृश्य	माँ	—	माता
प्रातः	—	सुबह	समाचार-पत्र	—	अखबार

4. दिए गए शब्दों की सहायता से खाली स्थान भरो— • का, की, के प्रयो

के, पर, की, ने, से, में

क. बच्चों ......की...... उँगली पकड़े पिता उन्हें ला रहे थे।

ख. बच्चे शेरनी ......के...... पिंजरे के पास थे।

ग. पिल्ला शेरनी के पिंजरे ......में...... घुस गया।

घ. पिल्ला शेरनी ......पर...... चढ़कर उसके बालों से खेलने लगा।

ङ. दुकानदार के बेटे ......ने...... पिल्ले को उठा लिया।

च. उसने पिल्ले को रस्सी ......से...... बाँध दिया।

2) प्रश्नों के उत्तर दो–

क. बच्चे घर जाने के लिए क्यों रो रहे थे?

....

ख. शेरनी किसके बच्चे से खेल रही थी?

....

ग. शेरनी शांत कैसे हुई?

....

3. हमारे चारों तरफ़ दिखाई देनेवाले हरएक आदमी, स्थान और वस्तु का एक नाम होता है–

जैसे– दादा जी अपने कमरे में समाचार-पत्र पढ़ रहे हैं।

दादा जी — व्यक्ति; कमरे — स्थान; समाचार-पत्र — वस्तु

व्यक्ति, वस्तु, स्थान के नामों को संज्ञा कहते हैं। इसलिए 'दादा जी', 'कमरे', 'समाचार-पत्र' – ये सभी संज्ञा शब्द हैं। संज्ञा में जानवर, नदी, पहाड़, फूल आदि के नाम भी आते हैं।

4. नीचे लिखे वाक्यों में संज्ञा शब्दों के नीचे रेखा खींचो–

क. कल हम चिड़ियाघर देखने गए थे।

ख. शेर, हिरन और भालू जंगल में रहते हैं।

ग. लड़कियाँ गा रही हैं।

घ. गोस्वामी तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' लिखी।

ङ. शेरनी सो रही थी।

4. इन शब्दों के स्त्रीलिंग लिखो—

शेर	— शेरनी	लड़का	— लड़की
दादा	— दादी	आदमी	— औरत
पिता	— माता	कुत्ता	— कुतिया

5. चिड़ियाघर का चित्र बनाओ। उसके बारे में पाँच वाक्य लिखो—